# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

28 अप्रैल 2019

**<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और लखनऊ में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

**देश की जनता एक ऐसे व्यक्तित्व को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है जो उनके लिए परिश्रम करे, उनकी भलाई के लिए काम करे, अपने परिवार के लिए नहीं, इसलिए वे लंबे समय तक श्री नरेन्द्र मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है**

******************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत पांच वर्षों में भारत ने विकास, समृद्धि और सुरक्षा की नई कहानी लिखी है। यही कारण है कि 2014 से भी प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने जा रही है। उत्तर प्रदेश की जनता भी इसी संकल्प के साथ काम कर रही है**

******************

**सपा-बसपा के समय में वह ज़माना था जब पुलिस अपराधियों से डरते थे जबकि भाजपा की योगी सरकार में आज अपराधी पुलिस से डर रहे हैं, पुलिस से गिरफ्तार करने की भीख मांगते हैं**

******************

**पहले यूपी में किसानों के धान-गेहूं की खरीद नहीं होती थी, आज रिकॉर्ड मात्रा में समर्थन मूल्य पर किसानों से उनके फसल की खरीद हो रही है।**

******************

**13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकास के लिए महज 3,30,000 करोड़ रुपये दिए थे जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने यूपी को 10,27,323 करोड़ रुपये दिए हैं**

******************

**केंद्र में मोदी सरकार का पुनः गठन होने पर अगले पांच साल में किसानों को मिलने वाले लोन पर कोई ब्याज नहीं लिया जायेगा। इसके साथ ही छोटे-बड़े सभी किसानों को 6,000 रुपये सालाना दिए जाएंगे। किसानों को 60 साल की उम्र के बाद बीजेपी सरकार पेंशन भी देगी**

******************

छोटे व्यापारियों और मजदूरों को भी 60 वर्ष की आयु के बाद भाजपा सरकार पेंशन देगी। छोटे व्यापारियों को दस लाख रुपए तक का इंश्योरेंस देने का काम भी भाजपा करेगी। जिन व्यापरियों का टर्नओवर 40 लाख तक का है उनकी जीएसटी भी माफ की गयी है

**************

सपा-बसपा सरकार आती है तो केवल एक जाति और एक परिवार का भला होता है जबकि भाजपा सरकार बिना किसी जाति और धर्म के भेदभाव के उत्तर प्रदेश की समस्त जनता का भला करती है

**************

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के जीवन में खुशहाली भरा बदलाव लाने के लिए बिना कोई छुट्टी लिए दिन-रात अथक परिश्रम किया है जबकि गर्मी बढ़ते ही राहुल गाँधी और अखिलेश यादव वेकेशन मनाने निकल पड़ते हैं और उन्हीं की पार्टी के लोगों उन्हें ढूँढने में लग जाते हैं, ये भला देश का भला क्या करेंगे?

**************

राहुल गाँधी अपने लगभग हर भाषण में गरीबी-गरीबी की माला जपते रहते हैं हालांकि उनकी चार-चार पीढ़ियों की कांग्रेस सरकारों ने गरीबों को केवल गरीब बनाए रखने की ही राजनीति की, कभी भी गरीबों को सशक्त बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाये

**************

मोदी सरकार के केवल पांच साल की उपलब्धियां कांग्रेस की 55 साल की सरकारों की उपलब्धियों पर कहीं भारी पड़ती है। मोदी सरकार ने न केवल गरीबों के लिए योजनायें लागू की, वरन उन्हें सशक्त बनाने के लिए मैकेनिज्म भी डेवलप किया जो आज से पहले महज एक सपना ही था

**************

पहले सर्जिकल स्ट्राइक और अब पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक कर हिन्दुस्तान ने दिखा दिया है कि वह आतंकवाद को जड़ से ख़त्म करने के लिए कृतसंकल्पित है और देश की सुरक्षा के लिए मोदी सरकार कोई भी कदम उठा सकती है

**************

एक ओर मोदी सरकार है जिसने एयर स्ट्राइक करके देश को सुरक्षित किया है, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और महामिलावटी गठबंधन के नेता कहते हैं कि आतंकवादियों से बातचीत होनी चाहिए, पाकिस्तान से बातचीत होनी चाहिए

**************

कांग्रेस पार्टी, सपा और बसपा कान खोलकर सुन लें, यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह 'न्यू इंडिया' है, आतंकवादियों को उसी की भाषा में जवाब देना जानता भी है और उन्हें जवाब देता भी है।

**************

**राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करते हैं। राहुल गाँधी इस बयान पर खामोश क्यों हैं? क्या जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं है? कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करे कि वह उमर अब्दुल्ला के बयान के साथ है या नहीं? जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा, इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता**

**************

**कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म किया जाएगा, क्या कांग्रेस जेएनयू में देशद्रोही नारा लगाने वाले राष्ट्रविरोधी तत्वों को बचाने के लिए देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म करना चाहती है?**

**************

**हम असम वे अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए एनआरसी लेकर आये लेकिन कांग्रेस, सपा, बसपा, ममता - सभी महामिलावटी, देश की सुरक्षा के लिए ख़तरा बन चुके अवैध घुसपैठियों के पक्ष में खड़े हो गए। चाहे जो हो जाए, हम देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे, हम घुसपैठियों को देश से निकाल कर रहेंगे**

**************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और लखनऊ में आयोजित विशाल रैलियों को संबोधित किया और राज्य की जनता से उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा और सहयोगी दलों को विजयी बनाते हुए केंद्र में फिर एक बार, मोदी सरकार का गठन करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा-बसपा के महामिलावटी गठबंधन पर जम कर प्रहार किया और कई मुद्दों पर राहुल गाँधी, मायावती और अखिलेश यादव पर ताबड़तोड़ हमले किये।

श्री शाह ने कहा कि **देश की जनता एक ऐसे व्यक्तितत्व को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है जो उनके लिए परिश्रम करे, उनकी भलाई के लिए काम करे, अपने परिवार के लिए नहीं, इसलिए वे लंबे समय तक श्री नरेन्द्र मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत पांच वर्षों में भारत ने विकास, समृद्धि और सुरक्षा की नई कहानी लिखी है। यही कारण है कि 2014 से भी प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने जा रही है। उत्तर प्रदेश की जनता भी इसी संकल्प के साथ केंद्र में पुनः मोदी सरकार के गठन के लिए काम कर रही है।** पिछले 5 वर्षों में देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री जी ढेर सारी योजनायें लेकर आये। विगत 5 वर्षों में 7 करोड़ गरीबों के घर में मुफ्त में गैस कनेक्शन पहुंचाई गई, ढाई करोड़ गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराये गए, लगभग 9 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, लगभग 2 करोड़ 35 लाख घरों में बिजली पहुंचाई गई और देश के 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य-लाभ दिया जा रहा है, इस योजना से अब तक लगभग 23 लाख गरीब लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के जीवन में खुशहाली भरा बदलाव लाने के लिए दिन-रात अथक परिश्रम किया है, उन्होंने कोई छुट्टी नहीं ली है जबकि गर्मी बढ़ते ही राहुल गाँधी और अखिलेश यादव वेकेशन मनाने निकल पड़ते हैं और उन्हीं की पार्टी के लोगों उन्हें ढूँढने में लग जाते हैं, ये भला देश का भला क्या करेंगे?**

राहुल गाँधी पर बड़ा हमला करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी अपने लगभग हर भाषण में गरीबी-गरीबी की माला जपते रहते हैं हालांकि उनकी चार-चार पीढ़ियों की कांग्रेस सरकारों ने गरीबों को केवल गरीब बनाए रखने की ही राजनीति की, कभी भी गरीबों को सशक्त बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाये। मोदी सरकार के केवल पांच साल की उपलब्धियां कांग्रेस की 55 साल की सरकारों की उपलब्धियों पर कहीं भारी पड़ती है।** आयुष्मान भारत योजना का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि केवल इस योजना के तहत हर महीने औसतन छः लाख गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने न केवल गरीबों के लिए योजनायें लागू की, वरन उन्हें सशक्त बनाने के लिए मैकेनिज्म भी डेवलप किया जो आज से पहले महज एक सपना ही था।**

श्री शाह ने कहा कि **पहले सर्जिकल स्ट्राइक और अब पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक कर हिन्दुस्तान ने दिखा दिया है कि वह आतंकवाद को जड़ से ख़त्म करने के लिए कृतसंकल्पित है और देश की सुरक्षा के लिए मोदी सरकार कोई भी कदम उठा सकती है।** उन्होंने कहा कि **एक ओर मोदी सरकार है जिसने एयर स्ट्राइक करके देश को सुरक्षित किया है, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और महामिलावटी गठबंधन के नेता कहते हैं कि आतंकवादियों से बातचीत होनी चाहिए, पाकिस्तान से बातचीत होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी, सपा और बसपा कान खोलकर सुन लें, यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह 'न्यू इंडिया' है, आतंकवादियों को उसी की भाषा में जवाब देना जानता भी है और उन्हें जवाब देता भी है।**

कांग्रेस पार्टी पर प्रहार की धार को और तेज करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में अफस्पा (AFSPA) को कमजोर करने का वादा किया है। कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि अफस्पा को कमजोर कर के वह सेना के मनोबल को बढ़ाना चाहती है या गिराना चाहती है? ऐसा कर के कांग्रेस अध्यक्ष क्या संदेश देना चाहते हैं?** राहुल गाँधी के साथी **उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करते हैं। कांग्रेस जवाब दे कि एक देश में दो प्रधानमंत्री कैसे हो सकता है? क्या जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं है? कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करे कि वह उमर अब्दुल्ला के बयान के साथ है या नहीं, राहुल गाँधी इस बयान पर खामोश क्यों हैं?** उन्होंने कहा कि **जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा, इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता।** उन्होंने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म किया जाएगा, क्या कांग्रेस जेएनयू में देशद्रोही नारा लगाने वाले राष्ट्रविरोधी तत्वों को बचाने के लिए देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म करना चाहती है? हम असम वे अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए एनआरसी लेकर आये लेकिन कांग्रेस, सपा, बसपा, ममता - सभी महामिलावटी देश की सुरक्षा के लिए ख़तरा अवैध घुसपैठियों के पक्ष में खड़े हो गए। चाहे जो हो जाए, हम देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे और हम घुसपैठियों को देश से निकाल कर रहेंगे। केंद्र में पुनः मोदी सरकार का गठन होने पर हम एनआरसी को देश भर में लागू करेंगे और घुसपैठियों को निकालेंगे।**

यूपी में क़ानून-व्यवस्था की सुदृढ़ होती स्थिति पर बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि **सपा-बसपा के समय में वह ज़माना था जब पुलिस अपराधियों से डरते थे जबकि भाजपा की योगी सरकार में आज अपराधी पुलिस से डर रहे हैं, पुलिस से गिरफ्तार करने की भीख मांगते हैं। पहले यूपी में किसानों के धान-गेहूं की खरीद नहीं होती थी, आज रिकॉर्ड मात्रा में समर्थन मूल्य पर किसानों से**

**उनके फसल की खरीद हो रही है।** आज योगी सरकार में घर-घर बिजली पहुँची है। बाराबंकी में गरीबों के लिए 22 हजार घर बनाए गए, लगभग एक लाख लोगों को बीमा का क्लेम मिला, लगभग 75 हजार किसानों को फसल बीमा का लाभ मिला। एक लाख 50 हजार से अधिक गैस सिलिंडर बांटे गए, मुद्रा बैंक योजना के तहत लगभग 25 हजार लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराये गए। उन्होंने कहा कि **13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को महज 3,30,000 करोड़ रुपये दिए थे जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने यूपी को विकास के लिए लगभग 10,27,323 करोड़ रुपये दिए हैं।**

भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **केंद्र में मोदी सरकार का पुनः गठन होने पर अगले पांच साल में किसानों को मिलने वाले लोन पर कोई ब्याज नहीं लिया जायेगा। इसके साथ ही छोटे-बड़े सभी किसानों को 6,000 रुपये सालाना दिए जाएंगे। किसानों को 60 साल की उम्र के बाद बीजेपी सरकार पेंशन भी देगी। छोटे व्यापारियों और मजदूरों को भी 60 वर्ष की आयु के बाद भाजपा सरकार पेंशन देगी। छोटे व्यापारियों को दस लाख रुपए तक का इंश्योरेंस देने का काम भी भाजपा करेगी। जिन व्यापरियों का टर्नओवर 40 लाख तक का है उनकी जीएसटी भी माफ की गयी है।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सबसे बड़ा काम हुआ भ्रष्टाचार को मिटाने का।

सपा-बसपा पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब-जब **सपा-बसपा सरकार आती है तो केवल एक जाति और एक परिवार का भला होता है जबकि भाजपा सरकार बिना किसी जाति, धर्म अथवा सम्प्रदाय के भेदभाव के उत्तर प्रदेश की समस्त जनता का भला करती है।** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जनसभा को जागरुक करते हुए कहा कि जाति-पाति का भेद भूल कर मतदान करें और भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं। हम उत्तर प्रदेश को देश का सबसे सर्वोत्तम प्रदेश बनायेंगे।

**(महेंद्र पांडेय)**

कार्यालय सचिव